रोल नं०......................नाम परीक्षार्थी..............................................

IX-30 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० A

# चित्रकला

समय – 2½ घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक –100

**नोट :– इस प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड हैं, जिनमें से दो खण्ड करने अनिवार्य हैं।**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**खण्ड–क**

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :–

1. बंगाल शैली के संस्थापक व प्रमुख चित्रकार थे :– 1
(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ख) क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार
(ग) अवनीन्द्रनाथ टैगोर (घ) गगनेन्द्रनाथ टैगोर।

2. मंसूर किस काल के प्रसिद्ध चित्रकार थे :– 1
(क) प्रागैतिहासिक काल (ख) राजपूतकाल
(ग) मुगलकाल (घ) प्राचीनकाल।

3. पहाड़ी चित्रकला का सम्बन्ध किस प्रदेश से जुड़ा है :– 1
(क) कर्नाटक (ख) हिमाचल प्रदेश
(ग) गुजरात (घ) उतरांचल।

4. 'मित्रता' पाठ के लेखक हैं :– 1
(क) जयप्रकाश भारती (ख) जयशंकर प्रसाद
(ग) डॉ. राजेन्द्रप्रसाद (घ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल।

5. मुगलकाल की चित्रकला किसके शासनकाल में अपनी पराकाष्ठा पर थी :– 1
(क) अकबर (ख) जहाँगीर
(ग) शाहजहाँ (घ) औरंगजेब।

6. समवाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है :– 1
(क) $30^0$ (ख) $45^0$
(ग) $180^0$ (घ) $360^0$

7. 'हिमालय से' कविता किस काव्य–कृत में संकलित है :– 1
(क) नीहार में (ख) यामा में
(ग) हिमालय में (घ) सान्ध्यगीत में।

8. प्रागैतिहासिक क चित्रों की विशेपताएँ हैं :– 1
(क) औजपूर्ण (ख) मौलिकता
(ग) गतिशील मुद्राएँ (घ) उपर्युक्त सभी।

9. वारली लोककला किस राज्य में स्थित है :– 1
(क) मध्य प्रदेश (ख) राजस्थान
(ग) महाराप्ट्र (घ) गुजरात।

10. मिर्जापुर क्षेत्र की परिवर्ती चित्रकारी की समय–सीमा मानी गई है :– 1
(क) 3000 ई. पू. (ख) 5000 ई.पू.
(ग) 6000 ई. पू. (घ) 2000 ई. पू.।

11. असित कुमार हलदार किस कला विद्यालय के प्राचार्य थे :– 1
(क) लखनऊ (ख) कानपुर
(ग) इलाहाबाद (घ) कोलकाता।

(पृष्ठ पलटिए)

12. भारत वर्ष प्राचीन ग्रन्थों में चित्रकला का उल्लेख कहाँ मिलता है :- 1

(क) मोहरें तथा मुद्राओं में (ख) शिलालेखों में

(ग) धार्मिक ग्रन्थों में (घ) उपर्युक्त सभी में।

13. 'इम्पेस्टो' रंग लगाये जाते हैं :- 1

(क) ब्रुश से (ख) स्पैचुला से

(ग) चाकू से (घ) स्प्रे से।

14. बैंगनी रंग किन रंगों के मिश्रण से बनता है :- 1

(क) लाल + हरा (ख) हरा + पीला

(ग) लाल + पीला (घ) नीला + सफेद।

15. हरा रंग नेत्रों पर कैसा प्रभाव डालता है :- 1

(क) ठण्डा (ख) सामान्य

(ग) गर्म (घ) उपर्युक्त में कोई नहीं।

16. घन के कितने सिरे होते हैं :- 1

(क) 8 (ख) 10

(ग) 14 (घ) 12

17. नवीन रंग पद्धति के अनुसंधानकर्ता कौन थे :- 1

(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ख) ओस्टवाल्ड

(ग) नन्दलाल बोस (घ) असित कुमार हलदार।

18. कांगड़ा शैली किस राज्य से सम्बन्धित है :- 1

(क) हिमाचल (ख) उत्तरांचल

(ग) जम्मू एवं कश्मीर (घ) कर्नाटक।

19. चित्रलेखा का उल्लेख किस काल में आता है :- 1

(क) प्रागैतिहासिक काल (ख) रामायणकाल

(ग) महाभारत काल (घ) मुगलकाल।

20. प्रमुख चित्रकार के दसवन्त किसके दरबार में थे :- 1

(क) बाबर (ख) शाहजहाँ

(ग) जहाँगीर (घ) अकबर।

## खण्ड 'अ' (प्राविधिक कला)

निर्देश :- केवल तीन प्रश्न हल कीजिए, लेकिन प्रश्न संख्या 5 अनिवार्य है।

1. एक 8 सेमी की सरल रेखा को छः बराबर भागों में विभाजित करके प्रत्येक विभाजन से 75° के कोण पर समान्तर रेखाएँ खींचिए। 15

2. दो सीधी रेखाओं अ ब तथा स द 3.5 तथा 2.1 सेमी का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए। 15

3. एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसका आधार = 5 सेमी, आधार कोण = 50° तथा शेष दो भुजाओं का योग 9 सेमी है। 15

4. एक अ ब स द चतुर्भुज बनाइए जिसकी एक भुजा अ ब = 5.5 सेमी, अ द = 3.5 सेमी, कोण अ ब स = 60°, विकर्ण अ स = 6 सेमी हो तथा ∠ब स द = 90° का हो। 15

5. (क) 'इन्द्रधनुष' शब्द को हिन्दी में या 'BHARAT' शब्द को अंग्रेजी में ज्यामितीय रीति से बड़े अक्षरों में लिखिए। ऊँचाई 2.5 सेमी हो। 10

(ख) तिरछी सुलिपि में निम्नलिखित हिन्दी या अंग्रेजी के वाक्य को 8 मिमी की ऊँचाई में लिखिए :- 10

"मेरा भारत महान"

अथवा

"India is a great.

## खण्ड 'ब' (आलेखन कला)

6. एक आयत 15 × 30 सेमी का बनाइए। इसके अन्दर एक आलेखन जो कमल के फूल, पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो, बनाइए। इस आलेखन को दो सपाट रंगों में पूरा कीजिए। 50

अथवा

20 सेमी का एक वर्ग बनाइए। इस वर्ग में एक सुन्दर आलेखन किसी भारतीय फूल व पत्तियों पर आधारित बनाइए। आलेखन को दो सपाट रंगों में पूरा कीजिए। आलेखन सुन्दर एवं आकर्षक हो। आलेखन कमरे के फर्श के मध्य में बनाने के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

## खण्ड 'स' (मानव आकृति)

7. 'कुएँ से पानी भरती औरत अथवा 'पौधा लगाता हुआ माली' का चित्र बनाइए। 50

चित्र बनाते समय निम्न बातों पर विशेष ध्यान दीजिए :-

(क) आकृति 15 सेमी से छोटी न हो।

(ख) किसी एक रंग की पेंसिल से मोनोक्रोमिक चित्र बनाना है।

(ग) मानव शरीर एवं उसके विविध अंगों के अनुपात पर विशेष ध्यान देना है।